आस्था और विश्वास

- मध्यप्रदेश में श्रीराम वन गमन पथ का निर्माण शीघ्र पूर्ण करेंगे।
- सीता माता मंदिर, श्रीलंका के निर्माण की योजना को पुनः प्रारंभ करेंगे।
- भगवान परशुराम के जन्म स्थल जानापाव को पवित्र तीर्थ स्थल घोषित करेंगे।
- चित्रकूट में श्रीराम के सखा निषाद केवटराज की प्रतिमा स्थापित करेंगे।
- श्रवण कुमार मातृ-पितृ भक्ति योजना प्रारंभ करेंगे। इसके अंतर्गत अस्थि विसर्जन एवं अंत्येष्ठी सहायता के लिए 10 हजार रुपये की सहायता देंगे।
- मंदिर के पुजारियों को मानदेय के स्थान पर पुजारी सम्मान निधि बढ़ाकर देंगे।
- महंत एवं पुजारियों का बीमा करायेंगे।
- सर्व गुरुधाम प्रार्थना स्थल बनायेंगे, जिसमें गुरुजनों की मूर्ति स्थापित करेंगे।
- आस्था स्थलों, पूजा स्थलों एवं धर्म स्थलों में विकास कार्य एवं सौंदर्यीकरण करायेंगे।
- धार्मिक व सामाजिक न्यासों एवं सभी धर्मो के आस्था स्थलों की सम्पत्तियों पर से अवैध कब्जे हटायेंगे।
- वैदिक शाला प्रारंभ करेंगे एवं विधि विधान से वैदिक कार्य कराने का प्रशिक्षण देंगे।
- भूमि विवादों के निराकरण की सुदृढ़ व्यवस्था करेंगे एवं सुधारात्मक प्रावधान करेंगे।
- दर्शन में टिकिट परम्परा के कारण दर्शनार्थी भगवान के श्री दर्शन से वंचित न हो, ऐसी व्यवस्था बनायेंगे।
- महाकाल एवं ओंकारेश्वर मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेंगे।
- आस्था स्थलों के रख-रखाव एवं उनसे जुड़े पुजारी एवं सेवकों की आजीविका को ध्यान में रखते हुए प्रचलित नियमों में सुधार करेंगे।
- रीवा में संत कबीर पीठ व मुरैना में संत रविदास पीठ बनायेंगे।
- बाबा साहेब अम्बेडकर की मानवता की मूर्ति स्थापित करेंगे।
- बाबा साहेब अम्बेडकर की जन्मस्थली को राष्ट्रीय स्मारक बनायेंगे।



कला, साहित्य एवं रंगमंच

- सभी जिलों में सांस्कृतिक केन्द्र व नाट्यगृह प्रारंभ करेंगे।
- विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करेंगे और धरोहरों को अक्षुण्ण रखेंगे।
- ललित कला, साहित्य, नाट्य, रंगमंच, चित्रकला, संगीत, गायन, वादन आदि क्षेत्र कों प्रोत्साहित करेंगे। कलाकारों का प्रोत्साहन करेंगे।
- आदिवासी लोक संस्कृति से जुड़े गायन, वाद्य यंत्र, वेशभूषा, चित्रकला, काष्ठ कला आदि को संरक्षित करेंगे।
- आदिवासी कलाकारों को प्रोत्साहित करेंगे एवं संस्थाओं को अनुदान देंगे।
- विश्व आदिवासी दिवस पर उत्सव का आयोजन करेंगे।
- गोंडी चित्रकला केन्द्र प्रारंभ करेंगे एवं बैगा, भारिया, जनजातियों, विमुक्त जातियों एवं अन्य जातियों की विभिन्न कलाओं को संरक्षण देंगे।
- लुप्त हो रही विधाओं जैसे- हरबोलो की परम्परा, आल्हा आदि को संरक्षण प्रदान करेंगे।
- स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर एवं किशोर कुमार की स्मृति को चिरस्थाई बनाये रखने के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम करेंगे।
- बैजू बाबरा एवं कुमार गंधर्व संगीत समारोह आयोजित करेंगे।
- प्रदेश के कलाकारों का परिवार सहित 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख तक दुर्घटना बीमा करायेंगे। सामाजिक सुरक्षा देंगे।
- प्रतिवर्ष 14 नवम्बर से 19 नवम्बर के मध्य जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेंगे।
- कला, संगीत एवं साहित्य की प्रतिभाओं को सम्मानित करेंगे।
- मध्यप्रदेश भूषण व मध्यप्रदेश विभूषण पुरस्कार प्रारंभ करेंगे।

पर्यटन

- प्रदेश में रोजगारमूलक पर्यटन को बढ़ावा देंगे।
- साहसिक पर्यटन, ईको पर्यटन, जल पर्यटन आदि को बढ़ावा देंगे।
- प्राकृतिक स्थानों पर कैंपिंग साईट विकसित करेंगे।
- होम स्टे, फार्म स्टे व ग्रामीण पर्यटन का विस्तार करेंगे।
- पर्यटन क्षेत्र के सभी स्टेक होल्डर्स को सुविधाएँ देंगे।
- स्वच्छ पर्यटन के लिए ड्राईव फॉर क्लीन टूरिज्म चलायेंगे।
- पर्यटन स्थलों पर हेलीकाप्टर व सी प्लेन सेवाओं का संचालन करायेंगे।
- मध्यप्रदेश को फेवरेट फिल्म डेस्टिनेशन बनायेंगे एवं फिल्म सिटी विकसित करेंगे।
- पर्यटन के लिए हेल्पिंग सिंगल विंडो सुनिश्चित करेंगे।

बढ़ाइये हाथ फिर कमलनाथ